शिविर में रोगियों को परामर्श दिया

भीलवाड़ा। श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति एवं अन्धता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श मोतियाबिंद शिविर आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में आयोजित किया गया जिसमें 31 नेत्र रोगियो को परामर्श किया गया इस शिविर में कैलाश समदानी का विशेष सहयोग रहा। समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि डॉ कृष्णा हेडा फेको सर्जन द्वारा नेत्र रोगियों की निशुल्क जांच कर उन सभी जरूरतमंद रोगियों के स्पर्श हॉस्पिटल में ऑपरेशन किए गए रोगियों को निशुल्क दवाइयां व काले चश्मे वितरित किए दंत रोग शिविर में डॉ रोहित बसेर द्वारा दांतों के विभिन्न रोगियों की निशुल्क जांच की। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी, सुभाष गर्ग, जय किशन मित्तल, छीतरमल लढ्ढा, लक्ष्मीनारायण अठावाल, रामनारायण सोमानी, श्यामसुंदर पारीक, उषा शर्मा अरुण जागेटिया गणपत जागेटिया ने सेवाए दी।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

टोंक। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) रामरतन सौंकरिया की अध्यक्षता में बुधवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केंद्र के पुनर्गठन के प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों का पुनर्गठन किया जाना है, जिले में पुनर्गठन की कार्रवाई के उपरांत 204 नवीन मतदान केंद्र सृजित हुए हैं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट (बीएल-2) का चयन शीघ्र पूरा कर जिला निर्वाचन कार्यालय में नाम भिजवाने की बात कही।

विशाल भंडारा आज

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चतुर्भुज स्थित श्री ध्यान जी महाराज मंदिर में गुरूवार 07 अगस्त को धार्मिक व सांस्कृतिक महोत्सव के तहत विशाल भंडारा एवं नेहड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मंदिर महंत रामरतन दास महाराज ने बताया कि इस मौके पर विशाल कलश यात्रा भी निकाली जायेगी। कलश यात्रा के समापन पर विशेष पूजा-अर्चना के पश्चात भंडारे का शुभारंभ होगा।

सांभरझील में न्यायिक अधिकारियों ने पौधारोपण किया

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) अजित कुमार हिंगर के निर्देशन में पौधारोपण किया।

सांभरझील, (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) अजित कुमार हिंगर के निर्देशन में अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश अरविंद कुमार जांगिड के सानिध्य में न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

■ सभी ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में संपूर्ण सहयोग करने हेतु सहमति प्रदान की तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत लगाये गये पेड़ पौधों को समूचित रुप से सिंचित करने व उनके संरक्षण का विश्वास दिलाया

इससे पहले न्यायिक व प्रशासनिक व बार संघ के प्रतिनिधिगण के साथ पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम हेतु वृहद स्तर पर वृक्षारोपण सुनिश्चित करने हेतु मिटिंग आयोजित की गई। सभी ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में संपूर्ण सहयोग करने हेतु सहमति प्रदान की तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत लगाये गये पेड़ पौधों को समूचित रुप से सिंचित करने व उनके संरक्षण का विश्वास दिलाया।वृक्षारोपण कार्यक्रम में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ0 ऋचा कौशिक, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट जयश्री लमोरिया, ग्राम न्यायाधिकारी भानू प्रिया सहरा, उपखंड अधिकारी ऋषि कपिल, तहसीलदार कृष्णा शर्मा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, सचिव रतन लाल चौधरी, अधिशाषी अधिकारी छगन लाल यादव विभिन्न विभागों के प्रतिनिधिगण व अधिवक्तागण एवं न्यायालय कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

छात्रावास में प्रवेश 25 तक

कोटपूतली। जिला कोटपूतली-बहरोड के ग्राम पवाना अहीर में मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के अधीन गत वर्ष से संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास में शिक्षा निदेशालय एवं एडीपीसी समग्र शिक्षा द्वारा जारी दिशा निर्देश अनुसार सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत बालिकाओं के द्वितीय चरण में प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 25 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गई है। छात्रावास प्रभारी प्रवक्ता रामकरण यादव अवार्डी ने बताया कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन व बढ़ावा देने हेतु संकल्पित सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेशोत्सव के प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया को 25 अगस्त तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि विभागीय नियमानुसार एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, बीपीएल, घुमन्तू परिवार, अनाथ, बेघर, दिव्यांग, एकल माता पिता, सीडब्लूएसए व जरूरतमंद छात्राओं को आवेदन प्राप्ति के बाद प्राथमिकता अनुसार प्रवेश दिया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा स्थानीय विद्यालय में कक्षा 9 से 12 में प्रवेश होने वाली बालिकाओं को समस्त सुविधाएं यथा खान पान, रहन सहन, पढ़ाई, व स्टाइपेंड सुविधा सहित समस्त खर्चा सरकार द्वारा वहन किया जाता है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार खजोतिया अनुसार अभी तक लगभग 60 प्रतिशत से अधिक सीटें भरी जा चुकी हैं।

स्ट्रीट लाइट के अभाव में दिन ढलते ही पसर जाता है अंधेरा

■ राहगीर से लेकर दुकानदारों को हो रही परेशानी

पावटा। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें रखरखाव ना होने चलते खराब अवस्था में पड़ी है तो कई जगह लाइटें ही नहीं लगी है।

शाम होते ही पालिका क्षेत्र के कई मार्ग व गालिया अँधेरे में डूब जाते है। ऐसे में हादसों और आपराधिक वारदातों की आशंका कई गुणा बढ़ जाती है। बिना स्ट्रीट लाइटों के अब बारिश के मौसम में अंधेरा स्थानीय निवासियों की मुसीबत बढ़ा रहा है। स्ट्रीट लाइट नहीं होने व मरम्मत के अभाव में बंद है पड़ी होने से राहगीरों, दुकानदारों व मकान मालिकों के लिए खतरनाक साबित हो रही है।

आपराधिक प्रवृति के लोग कई तरह के अपराधों को आसानी से अंजाम देते हैं और अंधेरे का फायदा उठाकर वारदातों को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। अंधेरे के कारण बदमाशों के चेहरे सीसीटीवी कैमरों में भी साफ नजर नहीं आते हैं। वाहन चालकों को भी अँधेरे में सड़कों पर गड्ढे दिखाई नहीं देते और वह हादसों का शिकार हो जाते हैं।

बारिश के मौसम में यह समस्या अब और बढ़ गई है। पहले नगर पालिका की तरफ से क्षेत्र में कई जगह स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं। राहगीरों को आवागमन में परेशानी ना हो और आपराधिक तत्व अंधेरे का फायदा ना उठा पाएं, इसके लिए यह स्ट्रीट लाइट जगह-जगह लगाई गई थी। मगर इन स्ट्रीट लाइटों का रखरखाव भी नहीं किया जाता है। लाइटें कुछ समय जलती हैं और फिर खराब होकर बंद हो जाती हैं। कस्बे में कई स्थानों पर तो नगर पालिका द्वारा लाइट ही नहीं लगवाई गई हैं। स्थानीय निवासी कई बार लाइटें लगवाने की मांग कर चुके हैं। कस्बे में ख़राब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत समय पर नहीं करवाई जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि खराब लाइटों को ठीक करवाने और नई लाइट लगवाने के लिए कई बार गुहार लगा चुके है। चोर अंधेरे का फायदा उठाकर आए दिन दुकानों व मकानों एवं मंदिरों में चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। क्षेत्र में लगातार अपराध बढ़ रहा है।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या-0141-4901853

क्रमांक-2549 दिनांक-06.08.2025

आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-9-ई-250 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 47.475 वर्गमीटर का आवंटन श्रीमती राजबाला शर्मा पत्नी श्री महेश कुमार शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 8078 दिनांक 23.02.2015 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 9283 दिनांक 27.03.2015 जारी किया गया। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर-पंचम में दिनांक 30.09.2020 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती राजबाला शर्मा पत्नी श्री महेश कुमार शर्मा के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र श्रीमती अनिता देवी पत्नी श्री राजेन्द्र साहनी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर चतुर्थ में दिनांक 28.10.2020 को करवाया गया।
तत्पश्चात श्रीमती अनिता देवी पत्नी श्री राजेन्द्र साहनी के द्वारा उक्त आवास का बेचान श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री रमेश सिंह को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर दशम में दिनांक 05.11.2024 को करवाया गया।
श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री रमेश सिंह के द्वारा आवास का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम क्रेता का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया है। अतः नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री रमेश सिंह का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
सम्पदा प्रबंधक, वृत्त तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट दौसा जिला-दौसा (राज.)

क्रमांक-347 दिनांक-06.08.2025

इश्तेहारनामा

उनवान-आम जनता कमलेश्वर कॉलोनी बनाम स्टेशन अधीक्षक रेल्वे स्टेशन दौसा वगै.
दावा संख्या 97/2025

आम जनता कमलेश्वर कॉलोनी, प्रकाश नगर, भालका की ढाणी दौसा खुर्द तहसील दौसा जरिऐ- 01. सुरेश चन्द उम्र 38 वर्ष पुत्र रेवडमल निवासी कमलेश्वर कॉलोनी, दौसा। 02. मनोहर लाल उम्र 39 वर्ष पुत्र प्रभातीलाल निवासी प्रकाश नगर दौसा। 03. पप्पूलाल उम्र 40 वर्ष पुत्र सीताराम निवासी भालका की ढाणी दौसा। 04. श्रीमती मीरा पत्नी रणवीर सिंह निवासी प्रकाश नगर दौसा। 05. गोपाल उम्र 48 वर्ष पुत्र राधेश्याम निवासी प्रकाश नगर, दौसा।

बनाम

01. स्टेशन अधीक्षक रेल्वे स्टेशन दौसा, 02. प्रधान प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेल्वे जगतपुरा जयपुर, 03. केन्द्रीय सरकार जरिये प्रधान प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेल्वे जगतपुरा जयपुर, 04. नगर परिषद दौसा जरिये आयुक्त नगर परिषद दौसा
सर्वसाधारण को इस इश्तेहार के जरिये न्यायालय के आदेश दिनांक 05.08.2025 की पालना में सूचित किया जाता है कि वादीगण ने न्यायालय में वाद पत्र स्थाई निषेधाज्ञा व आदेशात्मक निषेधाज्ञा के साथ प्रार्थना पत्र आदेश 01 नियम 03 सीपीसी पेश की प्रतिनिधित्व के रूप में न्यायालय में पेश किया है। जिसमें प्रतिवादीगण 01 लगायत 03 को कस्बा दौसा ने कमलेश्वर कॉलोनी, प्रकाश नगर, भालका की ढाणी दौसा खुर्द तहसील दौसा में जडाव फाटक के पास स्थित आम जनता के रास्ते को उपयोग उपभोग में प्रतीवादागण स्वयं अपने एजेजेटों कर्मचारियों से कोई दखल नहीं पहुंचाऐं। एवं उक्त रास्ते को बंद कर जबरन पुक्ता बाउण्डरी कर निर्माण कार्य नहीं करें एवं यदि दौराने वाद प्रतीवादागण पुक्ता बाउण्डरी का निर्माण करले तो जरिए आदेशात्मक निषेधाज्ञा उक्त बाउण्डरी तुड़वाकर रास्ता चालु करवाये जाने का अनुतोष चाहा है। इस संबंध में किसी को आपत्ति हो तो दिनांक 12.08.2025 को न्यायालय में स्वयं या उनके अधिवक्ता के साथ उपस्थित आवें। इश्तेहारनामा वादीगण राष्ट्रीयकृत अखबार में साया (प्रकाशत) करवाया जाए। जिसका खर्चा वादीगण स्वयं वहन करेगा।
इश्तेहारनाम आज दिनांक 06.08.2025 को बाद मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट दौसा, जिला दौसा (राज.)

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम राकेश कुमार शर्मा से बदलकर राकेश शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे राकेश शर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द शर्मा के नाम से जाना पहचाना जावें।41,सत्य कॉलोनी, हीरापुरा अजमेर रोड जयपुर।

मैं सुषमा दिसले पत्नी दिसले संजय बापुराव निवासी राजापुर, पोस्ट राजापुर ताल खटाव, जिला-सतारा-415503 ने दिनांक 20.03.2025 महाराष्ट्र के शपथ पत्र, कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष, सतारा के माध्यम से अपना नाम सुषमा दिसले से बदलकर सुषमा संजय दिसले कर लिया है।

मेरा नाम रेखा देवी पत्नि जितेन्द्र कुमार 409, गणेशपुरी, गलता गेट, जयपुर से बदलकर मेरा नाम मंजू जंगम पत्नि जितेन्द्र कुमार रख लिया है भविष्य में मुझे मंजू जंगम के नाम से जाना जावें।

उत्तराखंड त्रासदीः सर्वधर्म प्रार्थना सभा

अजमेर (कासं)। उत्तराखंड के धारली हर्षिल व गंगोत्री के आसपास के क्षेत्र में बादल फटने से हुई जल प्रलय के पीड़ित परिवारों के लिए सर्वधर्म मैत्री संघ अजमेर द्वारा सेंट मैरी सीनियर सैकंडरी स्कूल में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी।

सर्वधर्म मैत्री अजमेर के अध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया कि स्कूली छात्रों ने प्रलय से पीड़ित परिवारों के लिए ईश्वर से प्रार्थना की, हादसे में मरने वालों को पुष्प अर्पित कर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से दुआ मांगी की सभी को इस दुख की घड़ी से उभरने की शक्ति प्रदान करें। फादर कॉसमॉस शेखावत ने कहा कि सरकार अधिक से अधिक सहायता प्रदान तथा लापता लोगों को जल्दी से निकाल कर परिवारों को राहत पहुंचाएं। प्राचार्य सिस्टर अनुषा ने कहा कि सैन्य अधिकारी जो रेस्क्यू कर रहे थे, उनके भी लापता होने से बड़ा आघात पहुंचा है।

जिला प्रमुख ने महिला कावड़ यात्रा का शुभारंभ किया

टोंक। जिला मुख्यालय स्थित हाउसिंग बोर्ड में जिला प्रमुख सरोज बंसल ने सावन के पवित्र महीने में प्रथम महिला कांवड यात्रा का शुभारंभ किया, इस दौरान कांवड यात्रा में सैकड़ों की तादाद में महिलाएं अपने कंधे पर भगवान शंकर को अभिषेक करने के लिए कांवड लेकर आई थी।

■ जिला प्रमुख ने बताया कि महिलाओ द्वारा कावड़ यात्रा महिला सशक्तिकरण का एक उदाहरण है, जिस पर आयोजन समिति को धन्यवाद दिया

टोंक जिला मुख्यालय स्थित हाउसिंग बोर्ड में जिला प्रमुख सरोज बंसल ने सावन के पवित्र महीने में प्रथम महिला कांवड यात्रा का शुभारंभ किया ।

जिला प्रमुख ने बताया कि महिलाओ द्वारा कावड़ यात्रा महिला सशक्तिकरण का एक उदाहरण है, जिस पर आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। यह कांवड यात्रा में शिव मंदिर हाउसिंग बोर्ड से कृषि मंडी टोंक तक निकाली गई, इससे पूर्व हाउसिंग बोर्ड वेलफेयर सोसाइटी टोंक द्वारा जिला प्रमुख सरोज बंसल व भाजपा संगठन सह प्रभारी नरेश बंसल का माला एवं साफा एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर
5वीं व 6वीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805 Email: rsehfjaipur@yahoo.com
Office Website : www.rschf.org

क्रमांक-116/25 दिनांक- 06.08.2025

आम सूचना आवासन संघ की आवासीय योजना सहयोग अपार्टमेंट, विद्याधर नगर जयपुर के फ्लैट संख्या टी-1/52-बीजीएफ संघ द्वारा श्री बनवारी लाल मानावत को आवंटित किया गया था, जिसकी कन्वेंस डीड दिनांक 18.01.2010 को जारी कर दिनांक 19.10.2010 को रजिस्ट्री करवा दी गई थी। बाद में उक्त फ्लैट श्रीमती मधु सिमलोट पत्नि श्री सतीश मोहन सिमलोट द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 21.04.2010 को क्रय किया गया। अब श्रीमती सिमलोट के पति श्री सतीश मोहन सिमलोट द्वारा उनकी पत्नि का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट उनके नाम ट्रांसफर करने हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी को भी उक्त फ्लैट के ट्रांसफर पर आपत्ति हो वे 15 दिवस के अन्दर प्रमाण सहित प्रस्तुत करें अन्यथा फ्लैट संख्या टी-1/52- बीजीएफ, श्री सतीश मोहन सिमलोट के नाम हस्तान्तरण कर दिया जावेगा।
(योगेश शर्मा) प्रबन्ध निदेशक
राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू, जिला-जयपुर ग्रामीण (राज.)

क्रमांक/न.पा.चा./2025/3793 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-06.08.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका क्षेत्र में स्थित की निम्नानुसार पत्रावली/प्रार्थना पत्र मय साईट पट्टा नवीनीकरण हेतु विचाराधीन है-

क्र. सं.	नाम	पिता/पति का नाम	पता	एरिया	विषय
1	रामेश्वर लाल जाखड़	काना राम	फ्लैट संख्या एल-10/104, सहभागिता आवास योजना (पीपीपी) अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी, पाटनी बिल्डर्स प्राईवेट लिमिटेड, चाकसू	500 वर्गफीट	पट्टा नवीनीकरण

उक्त भूखण्ड के पट्टा नवीनीकरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति है तो वह आपत्ति को लिखित में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अंदर-2 इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति अंगीकार नहीं की जावेगी एवं तदानुसार प्रकरण की निस्तारण कर दिया जावेगा। उक्त सूचना आज दिनांक 06.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मुहर द्वारा प्रसारित किया गया।
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, चाकसू

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर
सार्वजनिक सूचना

क्रमांक: न.नि.भ./स्कीम/2025-26/ दिनांक : ....

गृह निर्माण स०स० (अग्रसेन नगर) योजना भरतपुर में आवासीय भूखण्ड संख्या 98 श्री ऊदल सिंह पुत्र श्री निरंजन सिंह जाति जाट निवासी - ग्राम धौरमोई, भरतपुर के नाम 99 वर्षीय लीज होल्ड पर आवासीय भूखण्ड आवंटन/नीलामी में आवासन मण्डल, भरतपुर द्वारा विक्रय किया गया था। उक्त भूखण्ड का क्षेत्रफल 150 वर्गगज है। उक्त भूखण्ड की लीजडीड आवासन मण्डल, भरतपुर के पत्रांक 1668 दिनांक 07.05.2010 के द्वारा श्री ऊदल सिंह पुत्र श्री निरंजन सिंह के नाम पूर्व में जारी हो चुकी है। श्री ऊदल सिंह की मृत्यु दिनांक 04.07.2025 को हो चुकी है। श्री ऊदल सिंह ने अपने जीवनकाल में उक्त भूखण्ड का वसीयतनामा दिनांक 01.03.2025 के द्वारा श्री राजेश कुमार पुत्र श्री निरंजन सिंह के नाम कर दिया। आवेदक श्री राजेश कुमार पुत्र श्री निरंजन सिंह जाति जाट निवासी - ग्राम धौरमोई, भरतपुर ने नाम परिवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है। भूखण्ड का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है।
इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद आवासीय भूखण्ड संख्या 98, गृह निर्माण स०स० (अग्रसेन नगर), भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
प्रभारी अधिकारी
(स्कीम शाखा) नगर निगम, भरतपुर

अलवर में भू-माफियाओं के शिकंजे में राजस्व अधिकारी!

■ कानूनगो की मौत के बाद तहसीलदार के निलंबन की मांग को लेकर आक्रोष रैली निकाली,तालाबंदी की चेतावनी

अलवर। अलवर जिले में भाजपा का पट्टा गले में डाल कर नेताओं की फोटो दिखा कर कुछ भूमाफिया गिरोह सक्रिय है जो तहसीलदार, एसडीएम और अन्य कर्मचारियों को सत्ता का रोब दिखा कर उन पर गलत काम के लिए दबाव डालते है। अलवर में चारो तरफ भूमाफियाओं ने कृषि भूमि पर प्लाटिंग कर रखी है जिनके बारे दर्जनों पर मीडिया में समाचार प्रकाशित भी किए गए लेकिन भाजपा के नेताओं ने इन भू माफियाओं पर आज तक सख्ती नही की है जिससे उनके हौसले बुलंद हो चुके है। अब इसी कड़ी में तहसीलदार के दबाव से मानसिक प्रताडऩा झेल रहे एक कानूनगो की हार्ट अटैक से मौत होने के बाद मामला गरमा गया है और तहसीलदार को निलंबन की मांग को लेकर पटवारियों सहित आम जन ने आक्रोष रैली निकाल कर न्यायिक जांच की मांग की है।

यहां पर उल्लेखनीय है कि अलवर के मालाखेड़ा के कानूनगो पवन शर्मा की अचानक हार्ट अटैक से हुई मौत का जिम्मेदार तहसीलदार को बताते हुए बुधवार को कानूनगो, पटवारी सहित आमजन ने अलवर में विरोध प्रदर्शन किया। सरकार व प्रशासन को चेताया कि जिम्मेदार तहसीलदार के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो तहसील कार्यालय पर ताला जड़ दिया जाएगा।

यहां आए लोगों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और बीजेपी से जुड़े भू-माफियाओं की तहसीलदार को शरण है। तहसीलदार मेघा मीणा लगातार सरकारी कर्मचारियों पर अवैध कार्यों का दबाव बना रही थीं। इसी दबाव और मानसिक प्रताडऩा के चलते कानूनगो पवन शर्मा तनाव में आ गए और अंततः उन्हें दिल का दौरा पड़ गया औउ उनकी मौत हो गई । इस घटना से आक्रोशित होकर बुधवार को पटवारी व कानूनगो संगठनों ने भवानी तोप से रैली निकालते हुए मिनी सचिवालय तक प्रदर्शन किया। संगठनों ने साफ आरोप लगाया कि तहसीलदार को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। वह कांग्रेस-बीजेपी के भू-माफियाओं के साथ मिलकर काम कर रही हैं।

'महापुरुष बादल की तरह होते हैं'

अजमेर (कासं)। मणिपुंज सेवा संस्थान में चातुर्मास हेतु विराजमान महाश्रमणी गुरुमाता पुष्पवती मसा आदि ठाणा 7 के सान्निध्य में जिनवाणी की धारा प्रवाहित हो रही है जिससे श्रावक श्राविकाएं मन को निर्मल करने का प्रयास कर रहे हैं।

धर्मसभा में सदगुरुवर्या डॉ. राजमती मसा ने फरमाया जब आकाश से बादल पानी बरसाते हैं, तब वे किसी के साथ भेदभाव व पक्षपात नहीं करते बल्कि चाहे राजा का महल हो या कंगाल का घर, सभी जगह समान रूप से बूंदों की रिमझिम करते हैं।

इसी तरह संसार में जो महापुरुष हुए हैं, वे बादल की तरह होते हैं। यह पंचम काल की विडंबना है कि अब महापुरुषों को प्लॉट की तरह बांट दिया है, तभी कोई कहता है राम तेरा है, महावीर मेरा है, श्री कृष्ण तेरा बुद्ध मेरा, गुरुनानक तेरा, मोहम्मद मेरा, जीसस तेरा और हनुमान मेरा है लेकिन सच्चाई यही है कि महापुरुष कभी किसी एक के नहीं बल्कि सब के हुए हैं।

उनका ज्ञान प्रत्येक मनुष्य के लिए समान रूप होता है। महापुरुष तो उदारवादी, समतावादी, करुणाशील और सरल प्रकृति के रहे हैं उनकी पावन वाणी आज भी आदमी को भक्त और भक्त को भगवान बनने की प्रेरणा देती है। साध्वी डॉ. राजरश्मि मसा ने कहा, कलह करना वही पसंद करता है जो कषाय प्रिय है।

यह हृदय की संकीर्णता, प्रज्ञा की मंदता, स्वभाव की कर्कशता, समझ की अल्पता और शांति को भंग करने वाली कतरनी है। साध्वी राजकीर्ति मसा ने कहा कि नमन करने से भी हमारे पाप कर्मों की निर्जरा होती है। गुरुवंदन यदि भावपूर्वक हो जो तो नरक के बंधन भी टूट जाते हैं।

विमल कावेडिया ने जानकारी दी कि 7 अगस्त को गुरु देवो की जन्मजयंती के कार्यक्रम के दौरान तप साधिका सुशीला लोढ़ा के मासक्षमण अर्थात् 30वें उपवास के प्रत्याख्यान होंगे।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (फ.स.), चौमूँ जयपुर
राधाबाग कॉलोनी सीकर रोड चौमूँ
PH.NO. 01423-220047 FAX NO. 01423-223873
E-mail:- KUMS.CHOMUFV@rajasthan.gov.in

क्रमांक-238-250 दिनांक-06.08.2025

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मंडी समिति के मुख्य मंडी प्रागंण (फ.स.) चौमूँ में आगामी एक वर्ष की अवधि के लिये कियोस्क संख्या 03, 04, 05 व 06 पर ठेके पर जलपान व्यवस्था हेतु दिनांक 13.08.2025 को खुली निलामी बोली आयोजित की जावेगी। नीलामी बोली में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीदाता व्यक्तियों/फर्मो से दिनांक 13.08.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। खुली नीलामी बोली उसी दिन दोपहर 01.30 से आयोजित की जावेगी। नीलामी बोली संबंधी समस्त शर्ते व जानकारी निर्धारित आवेदन पत्र, विभागीय वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in तथा वेबसाइट agriculture.rajasthan.gov.in/mandi/ पर और कार्यालय में व्यक्तिश उपस्थित होकर अवलोकन की जा सकती हैं।
DAM2526A0338
प्रशासक सचिव

खोया पाया

मेरे प्लॉट 1/1324 मालवीय नगर जयपुर के मूल कागज कब्जा पत्र, घोषणा पत्र, लीजमुक्ति डॉक्यूमेंट, अदेय प्रमाण पत्र कहीं खो गए है मिलने पर सूचित करें निष्ठा पुरोहित 8619637692

लक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड की योजना लक्ष्मी कॉलानी, स्कीम न. 2 नया खेडा की रसीद नम्बर एए-352 दिनांक 03.04.1990 सोहन लाल के नाम से कहीं गुम हो गयी है मिलने पर संपर्क करें। जयंत बाहेती, प्लाट नं. 11, लक्ष्मी कॉलोनी, स्कीम नं. 2, नया खेडा, अम्बाबाडी, जयपुर। मो. 9828114627

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर की आवासीय योजना-देव विहार, जयपुर के प्लॉट नम्बर सी-467 का मूल कब्जा पत्र, कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें। दिनेश कुमार-मोबाईल नम्बर 7877362345

मेरे भूखण्ड सं. 120 जे.डी.ए. की योजना शौर्य नगर हिम्मतपुरा जयपुर का जे.डी.ए. से जारी मूल साईट प्लान जयपुर में कहीं खो गया है सूचित करें-कौशल किशोर खण्डेलवाल मो. 9214531613

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन

अजमेर (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग में नवीन पद सृजत कर पदों पर भर्ती की मांग को लेकर बुधवार को कर्मचारियों ने आयोग कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया, उन्होंने कहा कि चार माह पहले हुए आंदोलन के बाद आयोग प्रशासन ने भर्ती का आश्वासन दिया था, लेनिक अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मांगों पर सकारात्क रुख नहीं अपनाया गया 11 अगस्त से सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष दयाकर शर्मा ने बताया कि आयोग गठन के समय स्वीकृत पद आज भी यथावत हैंए जबकि वर्षों में कई कर्मचारी व अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं और उनकी जगह नियुक्तियां नहीं हुईं। आयोग में 98 नवीन पद सृजित करने की आवश्यकता है, आयोग के कार्मिक दबाव में काम करने को मजबूर हैं।

वर्तमान सरकार ने एक लाख पदों पर भर्ती का ऐलान किया है, आयोग के कर्मचारी सरकार के सहयोग में लगातार अतिरिक्त दबाव में काम कर रहे हैं। साप्ताहिक अवकाश तक नहीं मिल पा रहा। कर्मचारियों ने चेताया कि यदि गुरुवार तक उनके पक्ष में निर्णय नहीं हुआ तो वे 11 अगस्त को सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे।

सावन में पोते ने कांवड लाकर दादा-दादी के चरण धोए, आशीर्वाद लिया

सावन माह की पवित्रता और भक्ति भाव के बीच एक पोते ने कांवड लाकर अपने दादा-दादी के चरण धोकर आशीर्वाद लिया

फुलेरा। सावन माह की पवित्रता और भक्ति भाव के बीच एक पोते ने कांवड लाकर अपने दादा-दादी के चरण धोकर आशीर्वाद लिया। यह दृश्य भावुक करने वाला था और भारतीय संस्कारों की गहराई को दर्शाता है। फुलेरा के बिचून रोड निवासी सत्यनारायण शर्मा के पौत्र लक्ष रोलीवाल ने देवयानी सरोवर से कांवड लाकर तांबे के लोटे से अपने दादा दादी के चरण धोए। दादी मुस्कराते हुए देख रही हैं और दादा पूरे स्नेह से पोते को आशीर्वाद दे रहे हैं। जहां एक ओर आधुनिकता रिश्तों को प्रभावित कर रही है, वहीं ठामीण परिवेश में यह दृश्य यह बताता है कि संस्कार आज भी जीवित हैं। सावन में भोलेनाथ की भक्ति के साथ बुजुर्गों का सम्मान करना हमारे मूल्यों को और प्रगाढ़ बनाता है। इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है और लोग इसे ''संस्कारों की असली झलक'' बता रहे हैं।

कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं पदेन सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय जिला चिकित्सालय दौसा (राज.)

क्रमांक-स्टोर/ई-निविदा/2025/5013 दिनांक-31.07.2025

ई-बोली आमंत्रण सूचना 04/2025

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजकीय जिला चिकित्सालय दौसा द्वारा वित्तीय वर्ष 2025 के लिये निम्नलिखित सामग्री/सेवाओं के उपापन हेतु इच्छुक निविदादाताओं, पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं एवं सेवा प्रदाता ऐजेन्सियों से ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं-

क्र. सं.	उपापन की विषय वस्तु	राशि (लाखों में)	UBN NO.
1	राजकीय जिला चिकित्सालय दौसा हेतु आर्थोपेडिक विभाग में Arthoplasty Implants सप्लाई कार्य दर संविदा	90.00	MHS2526GLRC03122
2	राजकीय जिला चिकित्सालय दौसा हेतु आर्थोपेडिक विभाग में Normal Implants सप्लाई कार्य दर संविदा	90.00	MHS2526GLRC03121
3	लैबोरेटरी/ब्लड बैंक रिजेन्टस एवं कन्ज्यूमेबल आईटम्स क्रय हेतु दर संविदा	95.00	MHS2526GLRC03125
4	बैंडेज, कॉटन रोल, गॉज थान, सैनेटरी पेडस एवं कन्ज्यूमेबल आईटम्स दर संविदा	50.00	MHS2526GLRC03123
5	टेंक से जल आपूर्ति कार्य दर संविदा	12.00	MHS2526WSRC03120

विस्तृत जानकारी निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निर्धारित तिथि व समय तक http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकती है।
प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं पदेन सचिव
DIPR/C/11087/2025 आर.एम.आर.एस., जिला चिकित्सालय दौसा (राज.)

आरोग्यम् सुखसम्पदा
राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान
बाबागंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली 110067

फा.सं.ए-12023/9/2016-प्रशा-I
उप-निदेशक (प्रशा.), रा.स्वा.प.क. संस्थान के पद हेतु रिक्ति सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित एक स्वायत्तशासी शीर्षस्थ तकनीकी संस्थान है तथा देश में शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं मूल्यांकन, परामर्श, सलाहकारी एवं विशिष्ट सेवाओं के माध्यम से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त 'विचार-मंच' के रूप में कार्यरत है।

प्रतिनियुक्ति के आधार पर उपनिदेशक (प्रशासन) के निम्नलिखित पद के लिए भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्रम संख्या	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या	7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतनमान
1.	उपनिदेशक (प्रशासन)	01	7वें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स का वेतन स्तर 12 (₹78,800-Rs. 2,09,200) पूर्व-संशोधित वेतन बैंड-3 ₹15600/- ₹39100 + ग्रेड वेतन ₹7600/-

आवेदन पत्र और इस सूचना के अंग्रेजी संस्करण सहित अन्य विवरण के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट www.nihfw.ac.in देखें । आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 3 सप्ताह है ।
CBC 17153/12/0007/2526 निदेशक (रा.स्वा.प.क.सं)